कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, माधवपुरम,मेरठ।
परिक्षेत्र–मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल
दूरभाष / फैक्स 0121–2400444 ई–मेल rheomeerut@yahoo.com वैबसाईट www.rheomrt.org

पत्रांक / क्षे0का0मे0 / 43–46 / 2020–2021

दिनांक :– 23 / 04 / 2020
ई–मेल

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय,
मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल।

विषय : कोविड–19 आपदा में लॉक–डाउन के कारण वर्क फ्राम होम के तहत ऑन लाइन शिक्षा प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या / 591 / सत्तर–1–2020, दिनांक 27.03.2020 एवं शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा के पत्र संख्या–शि0नि0(उ0शि0) / मेमो / 2020–21, दिनांक 08.04.2020 के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कोविड–19 आपदा के कारण लॉक डाउन में वर्क फ्राम होम की अपेक्षा की गयी है, जिसके तहत विद्यार्थियों को ऑन लाइन, शिक्षा प्रदान करने के लिये निर्देश प्रदान किये गये थे। पूर्व में शासन द्वारा प्रेषित गूगल फार्म पर ऑन–लाइन शिक्षा के सम्बन्ध मे आपने महाविद्यालय द्वारा किये गये प्रयासों से अवगत कराया हैं। अतः आवश्यकता है कि प्रत्येक सप्ताह के प्रारम्भ में अपने महाविद्यालय की वेबसाइट पर , सप्ताह दौरान, दिन, समय, विषय, प्राध्यापक वार आयोजित होने वाली कक्षाओं की सूचना अपलोड कराना सुनिश्चित करें एवं उसकी एक प्रति इस कार्यालय की ई–मेल rheohelpcorona2020@gmail.com पर भी प्रेषित करने का कष्ट करें।

उक्त के सम्बन्ध में सभी प्राध्यापकों को अवगत करा दें कि उनके द्वारा किये गये प्रयासों की सूचना का विवरण निम्न प्रारूप पर ई–मेल द्वारा प्राचार्य को प्रेषित किया जायेगा। प्राचार्य द्वारा प्राप्त प्रारूपों को इस कार्यालय की ई–मेल rheohelpcorona2020@gmail.com पर फारवर्ड किया जायेगा तथा साथ ही उन ई–मेल के आधार पर प्राध्यापकों द्वारा किये गये प्रयासों के सम्बन्ध में महाविद्यालय IQAC समिति के अभिमत को इस कार्यालय को वेतन बिल के साथ अवगत कराना सुनिश्चित करें, ताकि उल्लेखनीय प्रयासों के लिये उनके नाम शासन को प्रेषित किये जा सकें।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि अधिकांश प्राध्यापकगण व्हाट्स ग्रुप के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षा प्रदान कर रहे है, उनके व्हाट्स ग्रुप के एडमिन का नाम तथा नम्बर इस कार्यालय को भी अवगत कराया जाये, ताकि संचालित व्हाट्स ग्रुप की सूचना से दूरभाष पर विद्यार्थियों द्वारा जानकारी मांगने पर अवगत कराया जा सके एवं शासन को भी सूचना प्रेषित कराई जा सके।

संलग्नक–प्रारूप–01 एवं प्रारूप–02

भवदीय

डॉ0(राजीव कुमार गुप्ता)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ।

पृ0स0– / क्षे0क0मे0 / / 2020–21 तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. शिक्षा निदेशक, उ0शि0, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. कुल सचिव, चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. सचिव, प्रबन्ध समिति, सम्बन्धित अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल।

डॉ0(राजीव कुमार गुप्ता)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ।

Scanned with CamScanner

कोविड–19 आपदा में लाकडाउन के कारण वर्क फ्राम होम के तहत सूचना का प्रारूप

प्रारूप–01

क0सं0	दिनांक	समय	शीर्षक	एप/टूल का विवरण	लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या
1	2	3	4	5	6

प्रारूप–2 (व्हाट्स ग्रुप/यू–ट्यूब के माध्यम से ऑनलाईन शिक्षा के सम्बन्ध में।)

क0सं0	महाविद्यालय का नाम	व्हाट्स ग्रुप के एडमिन शिक्षक का नाम एवं विषय	मोबाईल न0	व्हाट्स ग्रुप/यू–ट्यूब लिंक पर अपलोड किये गये पाठ्य सामग्री से सम्बन्धित ऑडियो/विडियो/पि0डी0एफ0 आदि की संख्या
1	2	3	4	5

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ

Scanned with CamScanner